ओ सांवरे तेरे हो गए हैं हम

अब तू ही है साथी अब तू ही है हमदम,
तुझसे ही बंध गया मेरे जन्मो का बंधन,
ओह सांवरे तेरे हो गए हैं हम....

इस दिल में बसता है तू ही और कोई ना भाये रे,
भूल गया मैं खुद को सांवरे तू ही नज़र अब आये रे,
तूने तो बदल दिया मेरा सारा ये जीवन,
तुझसे ही बंध गया मेरे जन्मो का बंधन,
ओह सांवरे तेरे हो गए हैं हम....

जग ने जब जब ठुकराया मुझे तूने गले लगाया रे,
और ना कोई ना साथी था तब एक तुम्हारा साया रे,
अब चाहत है मेरी तेरे दर पे तोडूं डैम,
तुझसे ही बंध गया मेरे जन्मो का बंधन,
ओह सांवरे तेरे हो गए हैं हम....

तेरी दया मुझपे बरसे सर पे मेरे तेरा हाथ रहे,
बेशक दुश्मन बने ज़माना लेकिन तू मेरे साथ रहे,
सेवक बनकर तेरा हर पल मैं करूँ वंदना,
तुझसे ही बंध गया मेरे जन्मो का बंधन,
ओह सांवरे तेरे हो गए हैं हम.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25907/title/oh-sanwre-tere-ho-gaye-hum

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |